वन उत्पादकता संस्थान, रांची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून)

पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार

स्वच्छ भारत अभियान

दिनांक : 13.10.2021

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून के मार्गदर्शन में दिनांक 13.10.2021 को वन उत्पादकता संस्थान रांची (@ifpranchi1) के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधकर्मियों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चलाकर संस्थान परिसर से गाजरघास, प्लास्टिक एवं अन्य कचड़े की सफाई की गई। पूरे कार्यक्रम में कोविड–19 के दिशा–निर्देशों का पालन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ निदेशक एवं समूह समन्वयक (अनुसंधान) ने संयुक्त रुप से झाड़ू लगाकर किया एवं निर्देश दिया कि परिसर से गाजरघास, प्लास्टिक एवं पुटुस की पूर्णतया सफाई की जाए तथा कूड़ेदान में एकत्र कर निष्टान किया जाय। निदेशक ने कहा कि कार्यलय परिसर हमारा घर आंगन है। इसकी सफाई कई तरह की बिमारियों से सुरक्षित रखने में कारगर है। डा. योगेश्वर मिश्रा ने कहा कि साफ – सुथरा परिसर हमारे संस्थान को पहचान दिलाती है तथा गांधी के सपनों को साकार करती है। समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने प्रयोगशाला विल्डिंग से सफाई करते हुए संस्थान के पुरे परिसर में मौजूद प्लास्टिक, गाजरघास, पुटुस की सफाई की। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत को साकार करते हुए पूरी तन्मयता से लगभग 49 कर्मचारियों ने सफाई अभियान में भाग लिया।

कार्यक्रम की सफलता में विस्तार प्रभाग के श्री. एस.एन.वैद्य, श्री बी.डी.पंडित, सूचना तकनीक के श्री निसार आलम एवं श्री बसंत कुमार ने योगदान दिया।

स्वच्छ भारत अभियान की झलकियां

स्वच्छ भारत अभियान की झलकियां

स्वच्छ भारत अभियान की झलकियां

स्वच्छ भारत अभियान की झलकियां

स्वच्छ भारत अभियान की झलकियां

स्वच्छ भारत अभियान की झलकियां